Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र गहरीघाट की बीट कोनी में बाघिन पी. 213(32) के बाघ शावक की मृत्यु

——0——

पन्ना टाइगर रिजर्व के गहरीघाट परिक्षेत्र के बीट कोनी कक्ष क्रमांक 510 में स्टाफ द्वारा नियमित गश्ती के दौरान बाघ शावक का शव पाया गया जिसकी उम्र लगभग 15 माह है। यह बाघ शावक उपलब्ध बाघिन पी–213(32) के पहले लिटर का बच्चा है सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंचकर मौका निरीक्षण किया गया। तत्काल डाग स्क्वाड को मौके पर बुला कर सर्चिंग करवाई गई। मौके पर अवैध गतिविधि के कोई चिन्ह नहीं पाये गये। शावक की मृत्यु 05–06 दिन पूर्व होना प्रतीत हुआ। मृत बाघ शावक का पोस्ट मार्टम वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया तथा सेम्पल एकत्रित किये गये। मौके पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि के रूप में श्री इन्द्रभान सिंह बुन्देला, जिला समन्वयक लास्ट वाइल्डरनेस फाउण्डेशन उपस्थित रहे। मृत बाघ के कंकाल के पोस्ट मार्टम उपरान्त क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, उप संचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व, वन्यप्राणी चिकित्सक, श्री इन्द्रभान सिंह बुन्देला प्रतिनिधि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एवं अन्य अधिकारी व स्टाफ की उपस्थिति में बाघ शावक का दाह संस्कार किया गया। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका किन्तु Virology एवं Toxicology हेतु सैम्पल भेजे जा रहे है, सैम्पल के जांच रिपोर्ट पश्चात और स्थिति स्पष्ट होगी।

''जय हिन्द''

दिनांक – 03.05.2020

03.05.20

क्षेत्र संचालक

पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना